# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (23.11.2024)

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE : 23.11.2024, PAGE-06**

# बीआरएबीयू : नए साल में शुरू होगी सेंट्रल रिसर्च लैब

मुजफ्फरपुर, प्रसं। बीआरए बिहार विवि में नए साल में सेंट्रल रिसर्च लैब शुरू हो जाएगी। इसके लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। रिसर्च लैब के लिए एक करोड़ रुपये का डीपीआर किया गया है। दिसंबर में इसको बनाने का काम शुरू हो जाएगा।

इस लैब का नाम इंस्ट्रूमेंटेशन सेंटर रखा गया है। इसको खोलने के लिए विवि के फिजिक्स विभाग में एक कमरा चिह्नित किया गया है। लैब का सामान खरीद के लिए जल्द ही टेंडर जारी किया जाएगा। कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने दो माह पहले रिसर्च लैब खोलने की घोषणा की थी। इसके बाद सामान खरीद को कमेटी बनी थी। कमेटी ने लैब के लिए सभी सामान की सूची अनुमोदित कर विवि को भेज दी है।

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR DATE:23.11.2024 PAGE-4**

## पीजी भौतिकी विभाग में सेंट्रलाइज्ड इंस्ट्रूमेंटेशन सेंटर की होगी स्थापना

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर :** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में रिसर्च और प्रायोगिक कक्षाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सेंट्रलाइज्ड इंस्ट्रूमेंटेशन सेंटर की स्थापना की जाएगी। इसको लेकर डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार हो चुकी है। करीब एक करोड़ रुपये खर्च करने का प्रस्ताव है।

विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग में इसका निर्माण होना है। गठित कमेटी ने इंस्ट्रूमेंटेशन सेंटर के लिए उपकरणों की सूची और अन्य संसाधनों को लेकर रिपोर्ट दी है। इसके बाद डीपीआर तैयार कर सेंटर की स्थापना की दिशा में कार्य होगा। एक महीने में इसे बनाकर तैयार करने की योजना है। इसमें साइंस संकाय के विषयों के लिए उपकरण होंगे। साथ ही गृह विज्ञान, संगीत, भूगोल जैसे विषयों से संबंधित उपकरणों भी रहेंगे।

कुलपति प्रो.दिनेश चंद्र राय ने पीजी में शोध आधारित शिक्षण पद्धति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह पहल की जा रही है। इस इंस्ट्रूमेंटेशन सेंटर में विश्वविद्यालय के पीजी विभागों और कालेज के छात्र-छात्राएं, शिक्षक और पीएचडी शोधार्थी भी प्रयोग कर सकेंगे। इस प्रयोगशाला में लेटेस्ट तकनीक की मशीन रहेंगी।

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR DATE : 23.11.2024, PAGE-04**

## विश्वविद्यालय व कालेज में मिलेगी छात्राओं को सुरक्षा संबंधी शिक्षा

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर :** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय और संबद्ध सभी कालेजों में छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान चलेगा। इसको लेकर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने कुलपति और सभी कालेज के प्राचार्य को पत्र भेजा है। यूजीसी के सचिव सुदीप सिंह जैन ने कहा कि 25 नवंबर को महिलाओं के खिलाफ हिंसा उन्मूलन को लेकर मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय दिवस से शुरू होकर 10 दिसंबर को मानवाधिकार दिवस तक परिसर में छात्राओं को उनके सुरक्षा अधिकारी की जानकारी दी जाए। इसको लेकर कार्यशाला, सेमिनार, क्विज व लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

**सी-बाक्स पोर्टल पर कर सकतीं शिकायत :** छात्राएं, महिला शिक्षक या कर्मचारी कार्यस्थल, शिक्षण संस्थान या अन्य कार्य स्थलों पर होने वाले किसी भी दुर्व्यवहार या हारसमेंट की शिकायत मिनिस्ट्री आफ वुमेन एंड चाइल्ड डेवलपमेंट की ओर से विकसित सी-बाक्स पोर्टल पर कर सकती हैं। इसमें सेंट्रल गवर्मेंट, स्टेट गवर्मेंट और प्राइवेट सेक्टर के लिए शिकायत का अलग-अलग किया जाएगा। उनकी पहचान को गोपनीय रखते हुए मंत्रालय इसपर त्वरित संज्ञान लेकर संबंधित संस्थान को मामले में कार्रवाई करने का निर्देश देगी। कार्रवाई का स्टेटस भी आवेदक पोर्टल पर देखा जा सकता है। महिला सुरक्षा को लेकर किए गए विशेष प्रविधान के संबंध में जानकारी भी देनी है। इमरजेंसी रिस्पांस के लिए डायल-112, वुमेन हेल्पलाइन-181, चाइल्ड लाइन-1098 के उपयोग के बारे में भी छात्राओं को जागरूक किया जाएगा।

**25** से 10 दिसंबर तक संस्थानों में चलेगा जागरूकता अभियान



### सभी पाठ्यक्रमों में यह जानकारी देना अनिवार्य

यूजीसी ने कहा है कि विश्वविद्यालय और कालेज में संचालित होने वाले स्नातक, पीजी समेत सभी पाठ्यक्रमों में छात्र-छात्राओं को इन नियमों की जानकारी आवश्यक रूप से देनी है। इसके लिए नामांकन के साथ ही इंडक्शन मीट के दौरान बच्चों को अवेयर करने और सप्ताह में एक दिन इंट्रोडक्टरी सेशन में छात्र-छात्राओं को उनके सुरक्षा अधिकारी, शोषण के खिलाफ अधिकार के बारे में बताया जाएगा।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR
**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**
**PIN-842001 (BIHAR)**
**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE : 23.11.2024, PAGE-04

# विश्वविद्यालय सांस्कृतिक महोत्सव में 28 विधाओं की होगी प्रतियोगिता

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर:** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन 25 से 29 नवंबर तक होगा। सीनेट हाल में साहित्यिक, संगीत, नृत्य और रंगमंचीय विधाओं के तहत कुल 28 प्रतियोगिताएं होंगी। एक प्रतिभागी अधिकतम तीन प्रतियोगिताओं में ही हिस्सा ले सकता है। प्रतिभागियों की अधिकतम उम्र 25 वर्ष और स्नातक में नामांकन की तिथि से एक जुलाई 2024 से सात वर्ष से अधिक नहीं हुआ हो। एक ही फार्म में अधिकतम तीन विधाओं का चुनाव किया जाएगा। यानी तीन विधाओं में हिस्सा लेने के लिए अलग-अलग फार्म की जरूरत नहीं है। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए कालेजों को फार्मेट भी भेजा गया है। अगर स्नातक या पीजी स्तर पर कोई परीक्षा होने वाली है तो वैसे छात्रों को सलाह दी गई है कि वे प्रतियोगिता में शामिल नहीं हों। विश्वविद्यालय की ओर से सभी कालेजों और पीजी विभागाध्यक्षों को निर्देश जारी किया गया है।

**10 दिसंबर से चार जनवरी तक लगने वाले कैंप में प्रतिभागियों को विशेषज्ञ देंगे प्रशिक्षण**

- **सीनेट हाल में 25 से 29 तक आयोजन, एक प्रतिभागी तीन विधाओं में हो सकेंगे शामिल**
- **प्रतियोगिता के आधार पर गठित होगी विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक टीम**



प्रतियोगिता के आधार पर विश्वविद्यालय सांस्कृतिक टीम का गठन होगा। यह टीम पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय युवा महोत्सव 2024-25 में हिस्सा लेगी। इसका आयोजन पश्चिम बंगाल के सिस्टर निवेदिता विश्वविद्यालय में आठ से 12 जनवरी तक होगा। संगीत की सभी विधाएं सीनेट हाल 25 नवंबर को होगी। वहीं इसके बाद 26 नवंबर को नृत्य की प्रतियोगिता होगी। ललित कला का आयोजन 27 नवंबर, रंगमंचीय आयोजन 28 नवंबर और साहित्यिक आयोजन 29 नवंबर को होगा। सांस्कृतिक समन्वयक डा. इंदुधर झा की ओर से सभी कालेजों को निर्देश जारी किया गया है। विश्विवद्यालय की ओर से जारी किए गए निर्देश में कहा गया है कि इंटर के छात्र प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लेंगे। विश्वविद्यालय टीम के गठन के बाद 25 दिनों का कैंप लगेगा। 10 दिसंबर से चार जनवरी तक लगने वाले इस विशेष कैंप में प्रतिभागियों को विभिन्न विधाओं के विशेषज्ञ प्रशिक्षण देंगे।

**इन विधाओं में होगी प्रतियोगिता :** • **साहित्यिक :** क्विज, एलाक्युशन, डिबेट • **ललित कला :** आन द स्पाट पेंटिंग, कोलाज, पोस्टर मेकिंग, क्ले माडलिंग, कार्टूनिंग, स्पाट फोटोग्राफी, इंस्टालेशन, मेंहदी, रंगोली। • **संगीत :** क्लासिकल वोकल सोलो, सेमी क्लासिकल, क्लासिकल इंस्ट्रूमेंटल सोलो, क्लासिकल इंस्ट्रूमेंटल सोलो (नन परकशन), लाइट वोकल, वेस्टर्न वोकल, ग्रुप सांग इंडियन, ग्रुप सांग वेस्टर्न, वेस्टर्न इंस्ट्रूमेंटल एंड फोक आर्केस्ट्रा। • **नृत्य :** ट्राइबल ग्रुप डांस और क्लासिकल डांस • **रंगमंचीय विधाएं :** वन एक्ट प्ले, स्किट, माइम एंड मिमिक्री।

### ये होंगे निर्णायक

- वाद- विवाद व एलाक्युसन : प्रो. राजीव झा, प्रो. ज्योति नारायण सिंह, डा. महजबीं परवीन, डा. प्रियम फ्रांसिस, डा. अमर बहादुर शुक्ला (संचालक)।
- क्विज : डा. आलोक प्रताप सिंह, डा. दिव्यम प्रकाश, सुष्मा कुमारी, डा. तूलिका।
- ललित कला : डा.रमेश विश्वकर्मा, मुकेश सोना, गोपाल फलक, सुजीत कुमार।
- नाट्य कला : प्रो. रजनीश कुमार गुप्ता, स्वाधीन दास, सुनील कुमार, शेखर सुमन, प्रमोद आजाद, अजय विजेता।
- संगीत (गायन एवं वादन) : प्रो. स्वस्ति वर्मा, प्रो. अरविंद कुमार, सत्यनारायण पाठक, शिवशंकर मिश्रा और डा. राकेश कुमार मिश्रा।
- नृत्य कला : डा. पायोली, डा. रंजना सरकार, डा. शिवशंकर मिश्रा, गौरी शंकर मिश्रा।

**DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR**
**DATE : 23.11.2024, PAGE-06**

# विवि में एमसीए का दो वर्षीय कोर्स शुरू करने की तैयारी

## सिलेबस में बदलाव को राजभवन भेजा गया प्रस्ताव

एजुकेशन रिपोर्टर|मुजफ्फरपुर

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में एमसीए के सिलेबस में बदलाव की तैयारी चल रही है। अभी तीन वर्षीय पाठ्यक्रम लागू है। इसे दो वर्षीय करने के लिए विश्वविद्यालय से राजभवन को प्रस्ताव भेजा गया है। राजभवन की मंजूरी के बाद दो वर्षीय एमसीए कोर्स के लिए ऑर्डिनेंस-रेगुलेशन तैयार करके अगले सत्र से लागू किया जा सकता है। दो वर्षीय कोर्स लागू होने के बाद छात्रों को बड़ा फायदा होगा। कोर्स पूरा करने में एक साल की बचत होगी। विश्वविद्यालय के गणित विभाग के अंतर्गत सेल्फ फाइनेंस मोड में एमसीए की पढ़ाई होती है। इसके लिए 50 सीट निर्धारित है। बीआरएबीयू में एमसीए का तीन वर्षीय पाठ्यक्रम पढ़ाया जाता है। वहीं, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में दो वर्षीय कोर्स संचालित किया जा रहा है। इसको देखकर पिछले दिनों यहां भी दो वर्षीय कोर्स संचालित करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। गणित विभागाध्यक्ष व एमसीए के कोर्स को-ऑर्डिनेटर प्रो. संजय कुमार ने बताया कि राजभवन की मंजूरी मिलने के बाद ही एमसीए के सिलेबस में बदलाव किया जाएगा। इसके लिए प्रस्ताव भेजा गया है। बता दें कि राजभवन से स्वीकृति मिलने के बाद विवि स्तर पर सिलेबस अपडेट किया जाएगा। इसके साथ ही ऑर्डिनेंस और रेगुलेशन भी तैयार करना होगा। सारी प्रक्रिया पूरी करने के बाद एकेडमिक काउंसिल, सिंडिकेट और सीनेट से इसको मंजूरी दिलाकर लागू किया जाएगा।

### एमसीए व पीजीडीसीए में सीट बढ़ाने का भी प्रस्ताव

गणित विभाग के अंतर्गत संचालित हो रहे एमसीए के साथ ही पीजीडीसीए कोर्स में सीट बढ़ाने का भी प्रस्ताव है। प्रो. संजय कुमार ने बताया कि एमसीए में 50 और पीजीडीसीए में 40 सीटों पर अभी नामांकन होता है। कंप्यूटर के बढ़े डिमांड के कारण दोनों कोर्स छात्रों के लिए बहुत उपयोगी है। पिछले कुछ साल से इनमें सभी सीट भर जा रही है। इसलिए दोनों कोर्स में 40-40 सीट बढ़ाने का प्रस्ताव विश्वविद्यालय को भेजा गया है। इस सत्र में नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो गई है। प्रयास होगा कि अगले सत्र के नामांकन से पहले सीट वृद्धि की प्रक्रिया पूरी करा ली जाए।

---

**DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR, DATE:23.11.2024 PAGE-06**

# कन्या उत्थान योजना को 20 दिसंबर तक आवेदन

मुजफ्फरपुर | मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के तहत इंटर पास छात्राएं 20 दिसंबर तक आवेदन कर सकती है। ऐसे लड़कियां भी आवेदन कर सकती हैं, जो 2022, 2023 और 2024 में इंटर पास की है। शिक्षा विभाग के मुताबिक यह आवेदन का अंतिम मौका है। इंटर पास छात्राओं को प्रोत्साहन राशि के रूप में 25 हजार रुपए दिया जाता है। 2024 में आवेदन की अंतिम तिथि 30 नवंबर था। लेकिन कई कारणों से छात्राओं ने आवेदन नहीं किया था। ऐसे में आवेदन की तिथि बढ़ा करके 20 दिसंबर की गई है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

## DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR, DATE : 23.11.2024, PAGE-06

**यूजीसी का आदेश •** 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक कैंपस में होगी कार्यशाला, सेमिनार, क्विज व लेखन प्रतियोगिता

# यूनिवर्सिटी-कॉलेजों में गुड टच-बैड टच और हेल्दी रिलेशनशिप के बारे में जानेंगी छात्राएं

### छात्राओं की सुरक्षा की जाएगी सुनिश्चित, दी जाएगी उन्हें अधिकारों की जानकारी

एजुकेशन रिपोर्टर | मुजफ्फरपुर

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के पीजी विभाग सहित सभी कॉलेजों में छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। 25 नवंबर को महिलाओं के खिलाफ हिंसा उन्मूलन को लेकर मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय दिवस से शुरू होकर 10 दिसंबर को मानवाधिकार दिवस तक परिसर में छात्राओं को उनके सुरक्षा अधिकारों की जानकारी दी जाएगी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने कुलपति और सभी कॉलेजों के प्राचार्य को पत्र भेजकर जागरूकता कार्यक्रम कराने को कहा है। यूजीसी के सचिव सुदीप सिंह जैन की ओर से भेजे गए पत्र में कहा गया है कि जागरूकता कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को हेल्दी रिलेशनशिप, गुड और बैड टच, लैंगिक हिंसा, दुर्व्यवहार, मर्यादा कायम रखने और महिलाओं के साथ सम्मान का भाव रखने के लिए जागरूक किया जाएगा। इसके लिए कार्यशाला, सेमिनार, क्विज व लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। सोशल मीडिया पर भी अभियान के माध्यम से बाल विवाह, कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ होने वाले सेक्सुअल हासमेंट की रोकथाम को लेकर प्रावधान, घरेलू हिंसा जैसी परिस्थिति से निपटने के लिए छात्राओं को जागरूक किया जाएगा।



### दुर्व्यहार व सेक्सुअल हासमेंट होने पर महिलाएं सी-बॉक्स पोर्टल पर कर सकती हैं शिकायत

छात्राओं के साथ ही महिला शिक्षक या कर्मचारी कार्यस्थल, शिक्षण संस्थान या अन्य कार्य स्थलों पर होने वाले किसी भी दुर्व्यवहार या हासमेंट की शिकायत मिनिस्ट्री ऑफ वूमेन एंड चाइल्ड डेवलपमेंट की ओर से विकसित सी-बॉक्स पोर्टल पर कर सकती हैं। इसमें सेंट्रल गवर्नमेंट, स्टेट गवर्नमेंट और प्राइवेट सेक्टर के लिए शिकायत का अलग-अलग विकल्प दिया गया है। यहां उन्हें अपनी बेसिक डिटेल्स के साथ शिकायत करनी है। उनकी पहचान को गोपनीय रखा जाएगा। मंत्रालय इस पर त्वरित संज्ञान लेकर संबंधित संस्थान को मामले में कार्रवाई करने का निर्देश देगा। साथ ही संस्थान के स्तर से की गई कार्रवाई का स्टेटस भी आवेदक पोर्टल पर देख सकेंगी।

### अभियान के दौरान पोस्टर व अन्य माध्यमों से चलाया जाएगा जागरूकता अभियान

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को सी-बॉक्स पोर्टल के साथ ही घरेलू हिंसा अधिनियम-2005, सेक्सुअल हासमेंट एक्ट-2013, पॉक्सो एक्ट-2012, भारतीय न्याय संहिता-2023 और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 में महिला सुरक्षा को लेकर किए गए विशेष प्रावधान के संबंध में जानकारी भी देनी है। इमरजेंसी रिस्पांस के लिए डायल-112, वूमेन हेल्पलाइन-181, चाइल्ड लाइन-1098 के उपयोग के बारे में भी छात्राओं को जागरूक किया जाएगा। इसको लेकर परिसर में पोस्टर और अन्य माध्यमों से भी जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है।

### विवि व कॉलेजों में संचालित सभी पाठ्यक्रमों में नामांकित छात्राओं के लिए चलेगा कार्यक्रम

यूजीसी ने कहा है कि विश्वविद्यालय और कॉलेजों में संचालित होने वाले स्नातक, पीजी समेत सभी पाठ्यक्रमों में छात्र-छात्राओं को इन नियमों की जानकारी आवश्यक रूप से दी जाए। इसके लिए नामांकन के साथ ही इंडक्शन मीट के दौरान बच्चों को अवेयर करने और सप्ताह में एक दिन इंट्रोडक्टरी सेशन में छात्र-छात्राओं को उनके सुरक्षा अधिकारों और शोषण के खिलाफ उनके अधिकारों के बारे में अवेयर करना है।

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR**
**DATE : 23.11.2024, PAGE-04**


# विवि व कॉलेजों में छात्राओं को देंगे सुरक्षा संबंधी शिक्षा

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू व संबद्ध सभी कॉलेजों में छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान चलाया जायेगा. इसको लेकर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने कुलपति व सभी कॉलेजों के प्राचार्य को पत्र भेजा है. यूजीसी के सचिव सुदीप सिंह जैन की ओर से भेजे पत्र में कहा गया है कि 25 नवंबर को महिलाओं के खिलाफ हिंसा उन्मूलन को लेकर मनाये जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय दिवस से शुरू होकर 10 दिसंबर को मानवाधिकार दिवस तक परिसर में छात्राओं को उनके सुरक्षा अधिकारी की जानकारी दी जायेगी.

इस दौरान उन्हें हेल्दी रिलेशनशिप, गुड व बैड टच, लैंगिक हिंसा, दुर्व्यवहार, मर्यादा कायम रखने व महिलाओं के साथ सम्मान का भाव रखने के लिए जागरूक किया जायेगा.

इसको लेकर कार्यशाला, सेमिनार, क्विज व लेखन स्पर्धा होगी. सोशल मीडिया पर भी अभियान के माध्यम से बाल विवाह, कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ होने वाले सेक्शुअल हासमेंट के रोकथाम को लेकर प्रावधान, घरेलू हिंसा जैसी परिस्थिति से निपटने के लिए छात्राओं को अवेयर किया जाएगा.

## सभी तरह के कोर्स में जानकारी देना अनिवार्य

यूजीसी ने कहा है कि विवि व कॉलेजों में संचालित होने वाले स्नातक, पीजी समेत सभी कोर्स में छात्र-छात्राओं को इन नियमों की जानकारी आवश्यक रूप से दें. इसके लिए नामांकन के साथ ही इंडक्शन मीट के दौरान बच्चों को अवेयर करने व सप्ताह में एक दिन इंट्रोडक्टरी सेशन में छात्र-छात्राओं को उनके सुरक्षा अधिकारों, शोषण के खिलाफ उनके अधिकारों के बारे में अवेयर करना है.

- यूजीसी ने 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक संस्थानों में जागरूकता अभियान चलाने का दिया निर्देश
- भारतीय न्याय संहिता व भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में महिला सुरक्षा के कानून बताये जायेंगे

## सी-बॉक्स पोर्टल पर करें शिकायत, पहचान उजागर नहीं होगी

छात्राएं, महिला शिक्षक या कर्मचारी कार्यस्थल, शिक्षण संस्थान या अन्य कार्य स्थलों पर होने वाले किसी भी दुर्व्यवहार या हासमेंट की शिकायत मिनिस्ट्री ऑफ वुमेन एंड चाइल्ड डेवलपमेंट की ओर से विकसित सी-बॉक्स पोर्टल पर कर सकती हैं. इसमें सेंट्रल व स्टेट गवर्नमेंट तथा प्राइवेट सेक्टर के लिए शिकायत का अलग-अलग विकल्प दिया गया है. यहां उन्हें अपनी बेसिक डिटेल्स के साथ शिकायत करनी है. उनकी पहचान को गोपनीय रखते हुए मंत्रालय इसपर त्वरित संज्ञान लेकर संबंधित संस्थान को मामले में कार्रवाई करने का निर्देश देगी.

साथ ही संस्थान के स्तर से की गयी कार्रवाई का स्टेट्स भी आवेदक पोर्टल पर देख सकेंगी. इस पोर्टल के साथ ही घरेलू हिंसा अधिनियम-2005, सेक्सुअल हासमेंट एक्ट-2013, पॉक्सो एक्ट-2012, भारतीय न्याय संहिता-2023 व भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 में महिला सुरक्षा को लेकर किये गये विशेष प्रावधान के संबंध में जानकारी भी देनी है. इमरजेंसी रिस्पांस के लिए डायल-112, वुमेन हेल्पलाइन-181, चाइल्ड लाइन-1098 के उपयोग के बारे में भी छात्राओं को जागरूक किया जायेगा. इसको लेकर परिसर में पोस्टर व अन्य माध्यमों से भी जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिये हैं.

**Ref:....................** **Date:..........................**


**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR,**
**DATE : 23.11.2024, PAGE-04**


## बीआरएबीयू. कोर्स पैटर्न में अब होगा संशोधन

# दो वर्ष का एमसीए कोर्स सिलेबस में भी बदलाव

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू में मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (एमसीए) कोर्स के पैटर्न में बदलाव किया जाएगा. अब तीन की जगह यह कोर्स दो वर्ष का ही होगा. कोर्स के पैटर्न में बदलाव को लेकर विवि ने तैयारी शुरू कर दी है. राजभवन को इसका प्रस्ताव भेजा गया है. वहां से स्वीकृति मिलते ही ऑर्डिनेंस रेगुलेशन व सिलेबस तैयार कर लिया जायेगा. गणित विभाग के तहत संचालित हो रहे एमसीए व पीजीडीसीए कोर्स में अधिक डिमांड को देखते हुए सीटों की संख्या में वृद्धि का भी प्रस्ताव है. दोनों कोर्स में नये सत्र में 40-40 सीट बढ़ाने का प्रस्ताव भेजा है. अगले सत्र में नामांकन की प्रक्रिया शुरू होने से पूर्व इसपर सहमति मिल जाती है तो अधिक सीटों पर छात्र-छात्राएं दाखिला ले सकेंगे.

इस पैटर्न के लागू होने के बाद छात्रों को एक वर्ष कम में ही एमसीए की डिग्री मिल जाएगी. सेल्फ फाइनेंस मोड में संचालित यह कोर्स अबतक तीन वर्षों का था. कुल छह सेमेस्टर में छात्र-छात्राओं को अध्ययन करता होता था. गणित विभाग के तहत संचालित इस कोर्स में कुल 50 सीटें निर्धारित हैं. गणित विभागाध्यक्ष व एमसीए के कोर्स को-ऑर्डिनेटर प्रो संजय कुमार ने बताया कि राजभवन की मंजूरी के बाद ही एमसीए के सिलेबस में बदलाव पर विचार होगा. इसके लिए प्रस्ताव भेजा गया है.

## विवि में महीने भर में तैयार हो जायेगा इंस्ट्रूमेंटेशन सेंटर

- पीजी भौतिकी विभाग में सेंट्रलाइज्ड इंस्ट्रूमेंटेशन सेंटर का होना है निर्माण

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू में रिसर्च व प्रायोगिक कक्षाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सेंट्रलाइज्ड इंस्ट्रूमेंटेशन सेंटर की स्थापना की जानी है. इसको लेकर डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कर ली गयी है. इसपर करीब एक करोड़ रुपये खर्च करने का प्रस्ताव है. विवि के भौतिकी विभाग में इसका निर्माण किया जाना है. गठित कमेटी ने इंस्ट्रूमेंटेशन सेंटर के लिए उपकरणों की सूची और अन्य संसाधनों को लेकर रिपोर्ट दे दी है. इसके बाद डीपीआर तैयार कर सेंटर की स्थापना की दिशा में कार्य शुरू हो गया है. अगले महीने से इसकी स्थापना के लिए कार्य शुरू हो जायेगा. लक्ष्य है कि एक महीने में इसे बनाकर तैयार कर लेना है. नव वर्ष के मौके पर छात्र-छात्राओं को विवि प्रयोगशाला के रूप में यह उपहार देगा. इसमें साइंस संकाय के विषयों के लिए उपकरण होंगे. गृह विज्ञान, संगीत, भूगोल जैसे विषयों से संबंधित उपकरणों की भी सूची तैयार की गयी है.

### शोध की गुणवत्ता में सुधार करना है उद्देश्य

कुलपति प्रो दिनेश चंद्र राय ने पीजी मे शोध आधारित शिक्षण पद्धति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह पहल की है. इस इंस्ट्रूमेंटेशन सेंटर मे विवि के पीजी विभागों व कॉलेजों के छात्र-छात्राएं, शिक्षक व पीएचडी शोधार्थी भी प्रयोग कर सकेंगे. प्रयोगशाला में लेटेस्ट तकनीक की मशीन लगेगी. थ्योरी की पढ़ाई के बाद छात्र-छात्राओं को यहां प्रायोगिक कक्षाओं मे जानकारी दी जायेगी.

- खबर वेबसाइट पर पढ़ने के लिए क्यूआर कोड स्कैन कर लें.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

**VISHWA GURU BHARAT, MUZAFFARPUR, DATE : 23.11.2024, PAGE-03**

# बाबासाहेब भीमराव अम्बेदकर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर एवं त्रिभुवन विश्वविद्यालय, काठमांडू, नेपाल के मध्य MoU किया गया है

**मदन मोहन ठाकुर ( बिहार ब्यूरो चीफ, विश्व गुरु भारत )**

मुजफ्फरपुर। बाबासाहेब भीमराव अम्बेद कर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर एवं त्रिभुवन विश्वविद्यालय, काठमांडू, नेपाल के मध्य MoU किया गया है। MoU पर त्रिभुवन विश्वविद्यालय, काठमांडू, नेपाल के कुल. पति प्रो. केशर जे. बराल एवं बी.आर.ए. बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर की तरफ से कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने इस्ताक्षर किया. त्रिभुवन विश्वविद्यालय, काठमांडू, नेपाल में सेंटर फॉर इण्टरनेशन रिलेशन के निदेशक प्रो. बिनोद जोशी एवं बाबासाहेब भीमराव अम्बेद कर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के आईक्यूएसी निदेशक प्रो.कल्याण कुमार झा का इस समझाते में महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है. साथ ही दोनों विश्वविद्यालय के मध्य समन्वयन का कार्य त्रिभुवन विश्व. विद्यालय, काठमांडू, नेपाल के सहायक प्राध्यापक डॉ. मंचला झा एवं बाबासाहेब भीमराव अम्बेद कर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के हिन्दी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. सुशांत कुमार ने किया। इस MoU के अंतर्गत शोध एवं अकाद मिक गतिविधियों में परस्पर सहयोग, क्षमता निर्माण, शिक्षक एवं विद्यार्थी के मध्य सहयोग, सेमिनार, कार्यशाला, पुस्तकालय, करिकुलम विकास में सहयोग पर सहमति बनी है. कुलपति प्रो (डॉ) दिनेश कुमार राय ने इस अंतरराष्ट्रीय समझौते पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इस समझौते से दोनों संस्थानों के विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं प्राध्यापकों के मध्य शोध और अध्ययन की दिशा में सहयोग के रास्ते खुलेंगे. इस समझौता के साथ ही विश्वविद्यालय का लगभग तीन दर्जन से अधिक विश्वविद्यालयों के साथ MoU हो चुका है. कुलपति प्रो (डॉ.) दिनेश चंद्र राय के नेतृत्व में इस तरह के समझौते लगातार किए जा रहे हैं. जिससे बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर की लोकप्रियता एवं शिक्षण के क्षेत्र का विस्तार हो रहा है।

